CAPF (ACs) Exam, 2024

Prepp
Your Personal Exams Guide

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : KSCB-A-GAI

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

0187093

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

# A

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 250*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 125 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक** ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे ग़लत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. निम्नलिखित में से कौन-सी, एक अप्रक्रियात्मक (non-procedural) कंप्यूटर भाषा **नहीं** है ?
   (a) LISP
   (b) Python
   (c) Prolog
   (d) ML

2. निम्नलिखित पर विचार कीजिए
   1. MPEG
   2. P*64
   3. Indeo

   उपर्युक्त में से किसका उपयोग विडियो फाइलों को संपीडित (compress) करने के लिए किया जा सकता है ?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित में से किसमें प्रति फ़ोटॉन सबसे अधिक ऊर्जा होती है ?
   (a) ऐक्स-किरण (X-ray)
   (b) पराबैंगनी किरण (Ultra-violet ray)
   (c) दृश्य किरण (Visible-ray)
   (d) अवरक्त किरणें (Infra-red ray)

4. सूर्य-पृथ्वी तंत्र में, लग्रांज बिंदुओं (Lagrange point) L2 और L3 के बीच लगभग कितनी दूरी है ?
   (a) 15 लाख किलोमीटर
   (b) 30 लाख किलोमीटर
   (c) 16 करोड़ किलोमीटर
   (d) 32 करोड़ किलोमीटर

5. ग्रीनहाउस प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
   (a) यह एक कांच के कक्ष के भीतर घटित हो सकता है जहां कोई भी विकिरण न तो इसमें प्रवेश कर सकता है और न ही इसमें से होकर वापस लौट सकता है
   (b) यह एक कांच के कक्ष के भीतर घटित हो सकता है जहां दीर्घ तरंग-दैर्घ्य अवरक्त विकिरण इसमें प्रवेश कर सकता है और लघु तरंग-दैर्घ्य अवरक्त विकिरण इसमें से होकर वापस नहीं लौट सकता है
   (c) यह एक कांच के कक्ष के भीतर घटित हो सकता है जहां लघु तरंग-दैर्घ्य अवरक्त विकिरण इसमें प्रवेश कर सकता है और दीर्घ तरंग-दैर्घ्य अवरक्त विकिरण इसमें से होकर वापस नहीं लौट सकता है
   (d) यह एक कांच के कक्ष के भीतर घटित हो सकता है जहां सभी अवरक्त विकिरण इसमें प्रवेश कर सकते हैं या इसमें से होकर वापस लौट सकते हैं

6. एक तोप 100 m/s की आरंभिक गति से एक गेंद को ऊपर की ओर फेंकती है । जमीन से टकराने से पहले, गेंद का कुल उड्डयन काल 20 s है । जमीन से टकराने के बाद, गेंद की गति 70% घट जाती है । निम्नलिखित में से सही ऊंचाई कौन-सी है जिस ऊंचाई तक गेंद अपनी पहली उछाल के बाद ऊपर उछलेगी ? ($g = 10\, m/s^2$)
   (a) 100 m
   (b) 70 m
   (c) 50 m
   (d) 45 m

1. Which one among the following is NOT a non-procedural computer language ?

(a) LISP

(b) Python

(c) Prolog

(d) ML

2. Consider the following :

1. MPEG

2. P*64

3. Indeo

Which of the above can be used to compress video files ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

3. Which one among the following has largest energy per photon ?

(a) X-ray

(b) Ultra-violet ray

(c) Visible-ray

(d) Infra-red ray

4. In Sun-Earth system, the distance between Lagrange points L2 and L3 is about

(a) 15 lakh kilometre

(b) 30 lakh kilometre

(c) 16 crore kilometre

(d) 32 crore kilometre

5. Which one of the following statements with regard to greenhouse effect is correct ?

(a) It can take place inside a glass chamber where no radiation can pass into it or pass back through it

(b) It can take place inside a glass chamber where long wavelength infrared radiation can pass through into it and short wavelength infrared radiation cannot pass back through it

(c) It can take place inside a glass chamber where short wavelength infrared radiation can pass through into it and long wavelength infrared radiation cannot pass back through it

(d) It can take place inside a glass chamber where all infrared radiation can pass into it or pass back through it

6. A canon shoots a ball upwards with an initial speed of 100 m/s. The total time of flight of the ball is 20 s before it hits the ground. The ball looses 70% of its speed after hitting the ground. Which among the following is the correct height that the ball will bounce up after its first bounce ? ($g = 10\ m/s^2$)

(a) 100 m

(b) 70 m

(c) 50 m

(d) 45 m

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, वायु में PM1 कण को सटीक रूप से परिभाषित करता है ?

(a) ये निलंबित कण हैं जिनका व्यास 10 माइक्रॉन से अधिक है

(b) ये वे कण हैं जिन्हें श्वसन के दौरान नासिका द्वारा फिल्टर किया जाता है

(c) ये 1 माइक्रॉन से कम व्यास के अत्यधिक सूक्ष्म कण हैं

(d) ये स्थूल कण हैं जो फेफड़ों के माध्यम से सीधे रक्त प्रवाह में प्रवेश करते हैं

8. निम्नलिखित किस ऊष्मा स्थानांतरण क्रिया-विधि में किसी माध्यम की आवश्यकता **नहीं** होती है ?

(a) चालन

(b) संवहन

(c) विकिरण

(d) संघट्टन

9. अयनांत (Solstice), एक ऐसी घटना है जो तब घटित होती है जब सूर्य सर्वाधिक उत्तर या सर्वाधिक दक्षिण दिशा में पंहुचता हुआ प्रतीत होता है । इसके संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) दक्षिण अयनांत (Winter Solstice) 21 जून को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध, दोनों में घटित होता है

(b) दक्षिण अयनांत 21 दिसंबर को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध, दोनों में घटित होता है

(c) उत्तर अयनांत (Summer Solstice) 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में और 21 दिसंबर को दक्षिणी गोलार्ध में घटित होता है

(d) उत्तर अयनांत 21 दिसंबर को उत्तरी गोलार्ध में और 21 जून को दक्षिणी गोलार्ध में घटित होता है

10. निम्नलिखित में से किसका विद्युत-चुंबकीय प्रेरण की परिघटना के साथ कोई सहलग्नता (linkage) **नहीं** है ?

(a) विद्युत परिणामित्र (ट्रांसफॉर्मर)

(b) इंडक्शन कुकर

(c) धारामापी (गैल्वनोमीटर)

(d) इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप)

11. पदार्थ (matter) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) ठोस पदार्थों के तापमान में वृद्धि करने पर, कणों की गतिज ऊर्जा में वृद्धि होती है

(b) वह अधिकतम तापमान, जिस पर कोई ठोस पदार्थ वायुमंडलीय दाब पर पिघल कर द्रव बन जाता है, इसका गलनांक कहलाता है

(c) 100°C पर जल की तुलना में वाष्प के कणों में अधिक ऊर्जा होती है

(d) गैस का ठोस में सीधा परिवर्तन निक्षेपण कहलाता है

7. Which one of the following statements correctly defines PM1 particles in air ?

(a) These are suspended particles of diameter more than 10 micron

(b) These are the particles that are filtered by the nose during respiration

(c) These are extremely fine particles of diameter less than 1 micron

(d) These are coarse particles that penetrate directly through the lungs into the bloodstream

8. Which one of the following heat transfer mechanism does NOT require a medium ?

(a) Conduction

(b) Convection

(c) Radiation

(d) Collision

9. Which one of the following statements about the solstices, an event that occurs when the Sun appears to reach most northerly or southerly, is correct ?

(a) The winter solstice takes place on June 21 in both the northern and southern hemispheres

(b) The winter solstice takes place on December 21 in both the northern and southern hemispheres

(c) The summer solstice occurs in northern hemisphere on June 21 and on December 21 in southern hemisphere

(d) The summer solstice occurs in northern hemisphere on December 21 and on June 21 in southern hemisphere

10. Which one among the following does NOT have any linkage with the phenomenon of electromagnetic induction ?

(a) Electric transformer

(b) Induction cooker

(c) Galvanometer

(d) Electron microscope

11. Which one among the following statements about matter is NOT correct ?

(a) On increasing the temperature of solids, the kinetic energy of particles increases

(b) The maximum temperature at which a solid melts to become a liquid at atmospheric pressure is called its melting point

(c) Particles of steam have more energy than water at 100°C

(d) Direct change of gas to solid is called deposition



Prepp Your Personal Exams Guide

12. निम्नलिखित में से किस तत्व के समस्थानिक (आइसोटोप) का प्रयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है ?

(a) यूरेनियम

(b) कोबाल्ट

(c) आयोडीन

(d) फ्लुओरीन

13. आयनिक यौगिकों को घोलने के लिए जल अच्छा विलायक है क्योंकि

(a) इसमें उच्च विशिष्ट ऊष्मा होती है

(b) यह रंगहीन होता है

(c) इसमें उच्च द्विध्रुव आघूर्ण होता है

(d) इसका उच्च क्वथनांक होता है

14. किसी एथाइन अणु में आबंध निर्माण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कार्बन-कार्बन एकल आबंध

(b) कार्बन-कार्बन द्वि-आबंध

(c) कार्बन-कार्बन त्रि-आबंध

(d) कार्बन-हाइड्रोजन द्वि-आबंध

15. कांच के विनिर्माण के लिए मुख्य घटक, निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?

(a) सिलिका, सोडियम कार्बोनेट, बोरेक्स, ऐलुमिना और भग्न कांच

(b) लोह ऑक्साइड, सीसा, सोडियम बाइकार्बोनेट, ऐलुमिना और भग्न कांच

(c) मैग्नीशियम कार्बोनेट, ऐलुमिना, सिलिका और भग्न कांच

(d) लोह ऑक्साइड, सोडियम, ऐलुमिना, सिलिका और भग्न कांच

16. किसी परमाणु के परमाणु क्रमांक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) न्यूट्रॉनों की संख्या परमाणु क्रमांक के समान है

(b) इलेक्ट्रॉनों और न्यूट्रॉनों का योग परमाणु क्रमांक के समान है

(c) प्रोटॉनों की संख्या परमाणु क्रमांक के समान है

(d) प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों का योग परमाणु क्रमांक के समान है

17. निम्नलिखित में से कौन-सा, ऊष्माशोषी प्रक्रम का उदाहरण है ?

(a) कार्बन का दहन

(b) अम्ल और क्षार को मिश्रित करना

(c) प्रकाश संश्लेषण

(d) श्वसन

18. निम्नलिखित में से किसका उपयोग पराबैंगनी रक्षी कांचों के विनिर्माण में किया जाता है ?

(a) ऐलुमिनियम ऑक्साइड

(b) टंग्स्टेन ऑक्साइड

(c) मॉलिब्डनम ऑक्साइड

(d) सीरियम ऑक्साइड

Prepp
Your Personal Exams Guide

12. The isotope of which one among the following elements is used in the treatment of cancer ?

(a) Uranium

(b) Cobalt

(c) Iodine

(d) Fluorine

13. Water is a good solvent for dissolving ionic compounds because

(a) It has a high specific heat

(b) It has no colour

(c) It has a high dipole moment

(d) It has a high boiling point

14. Which among the following is correct with respect to bond formation in an ethyne molecule ?

(a) Carbon-Carbon single bond

(b) Carbon-Carbon double bond

(c) Carbon-Carbon triple bond

(d) Carbon-Hydrogen double bond

15. Which among the following are the main ingredients for manufacturing of glass ?

(a) Silica, sodium carbonate, borax, alumina and cullets

(b) Iron oxide, lead, sodium bicarbonate, alumina and cullets

(c) Magnesium carbonate, alumina, silica and cullets

(d) Iron oxide, sodium, alumina, silica and cullets

16. Which one among the following statements with respect to the atomic number of an atom is correct ?

(a) The number of neutrons is same as atomic number

(b) The sum of electrons and neutrons is same as atomic number

(c) The number of protons is same as atomic number

(d) The sum of protons and neutrons is same as atomic number

17. Which one among the following is an example of endothermic process ?

(a) Combustion of carbon

(b) Mixing acid and alkali

(c) Photosynthesis

(d) Respiration

18. Which one among the following is used in the manufacture of ultra-violet protective glasses ?

(a) Aluminium oxide

(b) Tungsten oxide

(c) Molybdenum oxide

(d) Cerium oxide

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचीयों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (पेंट में वर्णक) | सूची II (उदाहरण) |
|---|---|
| A. प्राकृतिक वर्णक | 1. खड़िया (चॉक) |
| B. कृत्रिम (संश्लिष्ट) वर्णक | 2. सफेद सीसा |
| C. अभिक्रियाशील वर्णक | 3. मिनियम (रेड लेड) |
| D. अक्रिय वर्णक | 4. टाइटेनियम डाइऑक्साइड |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

20. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचीयों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (तत्त्व) | सूची II (अयुग्मित इलेक्ट्रॉन) |
|---|---|
| A. बोरॉन | 1. शून्य |
| B. नाइट्रोजन | 2. दो |
| C. ऑक्सीजन | 3. एक |
| D. निऑन | 4. तीन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

21. निम्नलिखित में से किस जैवप्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग औषधीय उत्पादों जैसे इन्सुलिन, प्रतिजैविकी (ऐन्टिबायोटिक्स) और टीकाओं (वैक्सीनों) के निर्माण के लिए किया जाता है ?

(a) श्वेत (व्हाइट) जैवप्रौद्योगिकी

(b) लाल (रेड) जैवप्रौद्योगिकी

(c) हरित (ग्रीन) जैवप्रौद्योगिकी

(d) नील (ब्लू) जैवप्रौद्योगिकी

22. ग्रेगर जे. मेंडल ने वंशागति के सिद्धांतों की व्याख्या करने के लिए किस जीव पर प्रयोग किए ?

(a) मूंगफली

(b) मटर

(c) गुल-अब्बास (फोर ओ'क्लॉक प्लांट)

(d) फलमक्खी

23. पादप ऊतक की किस परत में द्वार-कोशिका (गार्ड सेल) विद्यमान होते हैं ?

(a) खंभ पर्णमध्योतक (पैलीसेड मेसोफ़िल)

(b) स्पंजी पर्णमध्योतक (स्पंजी मेसोफ़िल)

(c) अधिचर्म (एपिडर्मिस)

(d) दारु (जाइलम)

24. जैव-गैस (बायो-गैस) में विभिन्न गैसों के अनुपात के संबंध में निम्नलिखित में से सही विकल्प की पहचान कीजिए ?

(a) मेथैन > कार्बन डाइऑक्साइड > नाइट्रोजन

(b) मेथैन > नाइट्रोजन > कार्बन डाइऑक्साइड

(c) मेथैन > ऑक्सीजन > कार्बन मोनोक्साइड

(d) नाइट्रोजन > मेथैन > कार्बन डाइऑक्साइड

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I (Pigment in paint) | List II (Example) |
|---|---|
| A. Natural pigment | 1. Chalk |
| B. Synthetic pigment | 2. White lead |
| C. Reactive pigment | 3. Red lead |
| D. Inert pigment | 4. Titanium dioxide |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

20. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I (Element) | List II (Unpaired electron) |
|---|---|
| A. Boron | 1. Zero |
| B. Nitrogen | 2. Two |
| C. Oxygen | 3. One |
| D. Neon | 4. Three |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

21. Which one among the following biotechnologies is applied to manufacture pharmaceutical products such as insulin, antibiotics and vaccines ?

(a) White Biotechnology

(b) Red Biotechnology

(c) Green Biotechnology

(d) Blue Biotechnology

22. In which organism did Gregor J. Mendel conduct the experiment to explain principles of inheritance ?

(a) Groundnut

(b) Garden Pea

(c) Four O'clock plant

(d) Fruit fly

23. In which layer of the plant tissue Guard cells are present ?

(a) Palisade mesophyll

(b) Spongy mesophyll

(c) Epidermis

(d) Xylem

24. Identify the correct option from the following about the proportion of different gases in Biogas ?

(a) Methane > Carbon dioxide > Nitrogen

(b) Methane > Nitrogen > Carbon dioxide

(c) Methane > Oxygen > Carbon monoxide

(d) Nitrogen > Methane > Carbon dioxide

Prepp
Your Personal Exams Guide

25. निम्नलिखित में से कौन-सी, मानवों के सुनने की श्रव्य सीमा (audible range) है ?
(a) 20 kHz – 200 kHz
(b) 20 Hz – 20 kHz
(c) 20 Hz – 35 kHz
(d) 20 Hz – 40 kHz

26. मानव शरीर में ग्लूकोज की अतिरिक्त मात्रा किस रूप में संचित होती है ?
(a) फल शर्करा (फ्रक्टोज़)
(b) ग्लाइकोजन
(c) ग्लूकोस
(d) मंड (स्टार्च)

27. "जैवप्रौद्योगिकी पार्कों" के विकास के माध्यम से जैवप्रौद्योगिकीय अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रौद्योगिकी को बाजार में लाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से आवश्यक है/हैं ?
1. नये उत्पाद का विकास
2. उद्यमिता
3. प्रौद्योगिकी उद्भवन (इन्क्युबेशंन)
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2 और 3

28. निम्नलिखित में से कौन-सा, जैवप्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आविष्कार/खोज का सही कालानुक्रम है ?
(a) प्लास्मिड की खोज, डीएनए की द्विकुंडली रचना, डीएनए अंगुलिछाप (फिंगरप्रिंटिंग), डॉली का क्लोन निर्माण (क्लोनिंग)
(b) डीएनए की द्विकुंडली रचना, प्लास्मिड की खोज, डीएनए अंगुलिछाप (फिंगरप्रिंटिंग), डॉली का क्लोन निर्माण (क्लोनिंग)
(c) डीएनए अंगुलिछाप (फिंगरप्रिंटिंग), डॉली का क्लोन निर्माण (क्लोनिंग), डीएनए की द्विकुंडली रचना, प्लास्मिड की खोज
(d) डीएनए की द्विकुंडली रचना, डीएनए अंगुलिछाप (फिंगरप्रिंटिंग), प्लास्मिड की खोज, डॉली का क्लोन निर्माण (क्लोनिंग)

29. किसी पारिस्थितिक तंत्र में किसी खाद्य श्रृंखला के पोषण स्तरों की संख्या सामान्यतः सीमित क्यों होती है ?
(a) निचले पोषण स्तर में उच्च पोषण स्तर की तुलना में कम ऊर्जा होती है
(b) प्रत्येक पोषण स्तर पर ऊर्जा की हानि के कारण
(c) उच्च पोषण स्तर वाला व्यष्टि किसी निचले पोषण स्तर वाले व्यष्टि को अधिक दक्षता से नियंत्रित कर सकता है
(d) सीमित पोषण स्तर किसी खाद्य श्रृंखला को परजीवियों के लिए कम सुभेद्य बनाता है

30. निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, असीमकेंद्रकी (प्रोकैरियोट) में नहीं पाई जाती है ?
(a) केंद्रक आवरण
(b) कोशिका झिल्ली
(c) राइबोसोम
(d) कोशिका-कला

Prepp
Your Personal Exams Guide

25. Which one of the following is the audible range of hearing for humans ?

(a) 20 kHz – 200 kHz

(b) 20 Hz – 20 kHz

(c) 20 Hz – 35 kHz

(d) 20 Hz – 40 kHz

26. In what form excess of glucose is stored in human body ?

(a) Fructose

(b) Glycogen

(c) Glucose

(d) Starch

27. Biotechnological research is promoted through the development of "Bio-technology Parks". Which of the following is/are essential to bring technology to market ?

1. Development of new product
2. Entrepreneurship
3. Technology incubation

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2 and 3 only

28. Which one of the following is the correct chronology of invention/ discovery in the field of Bio-technology ?

(a) Discovery of Plasmid, Double Helical structure of DNA, DNA fingerprinting, cloning of Dolly

(b) Double Helical structure of DNA, Discovery of Plasmid, DNA fingerprinting, cloning of Dolly

(c) DNA fingerprinting, cloning of Dolly, Double Helical structure of DNA, Discovery of Plasmid

(d) Double Helical structure of DNA, DNA fingerprinting, Discovery of Plasmid, cloning of Dolly

29. In an ecosystem why is the number of trophic levels of a food chain usually limited ?

(a) Lower trophic level has lesser energy than the higher trophic level

(b) Because of the loss of energy at each trophic level

(c) Higher trophic level individual can control the lower ones more efficiently

(d) Limited trophic level makes a food chain less vulnerable to parasites

30. Which one of the following structure is NOT found in prokaryotes ?

(a) Nuclear envelope

(b) Cell membrane

(c) Ribosome

(d) Cell wall

Prepp
Your Personal Exams Guide

31. पृथ्वी के घूर्णन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चूँकि पृथ्वी प्रत्येक घंटे में 15° घूमती है, इसलिए काल क्षेत्र (टाइम जोन) में सामान्यत: एक घंटे का अंतर होता है
2. अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा पर, कैलेंडर दिवस में परिवर्तन होता है – पूर्वाभिमुखी यात्रा के लिए एक दिन आगे बढ़ जाता है, और पश्चिमाभिमुखी यात्रा के लिए एक दिन पीछे चला जाता है
3. दिवालोक बचत समय (डेलाइट सेविंग टाइम) घड़ी को एक घंटा आगे कर देता है
4. चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर उसी दिशा में घूमता और परिक्रमा करता है जिस दिशा में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 3 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

32. भारत के प्राणिजात संसाधनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत के जैव-विविधता के प्रमुख-स्थलों (हॉटस्पॉटों) में उच्च स्तर की स्थानिकता देखी गई है
2. भारत के कुल जैवमंडल रिज़र्व में से, सुंदरबन में प्रजातियों (स्पीशीज) की संख्या सबसे अधिक है और नोकरेक में प्रजातियों की संख्या सबसे कम है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

33. एक प्रकार के पवन की निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिए :

1. वे वायुमंडल में ऊपरी स्तरों पर घटित होते हैं
2. वे दो बलों से प्रभावित होते हैं, दाब प्रवणता बल और कोरिऑलिस बल
3. जब बल संतुलन में होते हैं, तब वायु समदाब रेखाओं के समांतर, दाब प्रवणता के समकोण पर प्रवाहित होती है

दी गई विशेषताओं के आधार पर पवन के प्रकार की पहचान कीजिए :

(a) जेट स्ट्रीम

(b) भूविक्षेपी वायु

(c) पछुआ पवन

(d) पूर्वी पवन

34. पोडजोलीकरण (पॉडसोलिज़ेशन) कहाँ होता है ?

(a) उच्च मध्य अक्षांशों में स्थित क्षेत्र

(b) निम्न अक्षांशों में स्थित तटीय क्षेत्र

(c) उष्ण एवं आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्र

(d) शुष्क जलवायु वाले क्षेत्र

Prepp
Your Personal Exams Guide

31. Consider the following statements regarding the rotation of the Earth :

1. Since the Earth rotates by 15° each hour, time zones normally differ by one hour
2. At the International Date Line, the calendar day changes – advancing a day for eastward travel, dropping back a day for westward travel
3. Daylight saving time advances the clock by one hour
4. The Moon rotates and revolves about the Earth in the same direction that the Earth revolves around the Sun

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 3 and 4

(d) 2, 3 and 4

32. Which of the following statements regarding faunal resources of India is/are correct ?

1. High degree of endemism has been noticed in the biodiversity hotspots of India
2. Of the total biosphere reserves in India, the Sundarbans has the largest number of species and Nokrek has the smallest number of species

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

33. Consider the following characteristics of a type of wind :

1. They occur at upper levels in the atmosphere
2. They are subjected to two forces, a pressure gradient force and the Coriolis force
3. When the forces balance, air moves at right angles to the pressure gradient, parallel to the isobars

Identify the type of wind on the basis of the given characteristics :

(a) Jet Stream

(b) Geostrophic Wind

(c) Westerlies

(d) Easterlies

34. Where does podsolization take place ?

(a) Regions in high middle latitudes

(b) Coastal regions in lower latitudes

(c) Regions with hot and humid climate

(d) Regions having arid climate

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. सौर मंडल की उत्पत्ति के लिए नीहारिका परिकल्पना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) नीहारिका परिकल्पना का प्रारंभ एक विसरित, लगभग गोलाकार, धीरे-धीरे घूमने वाली विस्तारक नीहारिका के रूप में माना जा सकता है

(b) घूर्णन और विस्तार के परिणामस्वरूप, केन्द्र में संकेद्रित पदार्थ के साथ एक बिंब (डिस्क) बनता है

(c) आदि-सूर्य (प्रोटो-सन) के निर्माण के साथ-साथ विस्तार जारी रहता है और पदार्थ के वलय (रिंग) पीछे छूट जाते हैं

(d) वलयों में विद्यमान पदार्थ संघनित हो जाते हैं और ग्रहों का निर्माण करते हैं जो सूर्य के चारों ओर कक्षाओं में परिक्रमा करते हैं

36. यदि न्यूजीलैंड में 31 दिसंबर, 2023 है, उसी समय हवाई द्वीप और अलास्का में कौन-सी तारीख होगी ?

(a) दोनों की तारीख 01 जनवरी, 2024 है

(b) दोनों की तारीख 30 दिसंबर, 2023 है

(c) अलास्का में 31 दिसंबर, 2023 और हवाई द्वीपों में 01 जनवरी, 2024

(d) हवाई द्वीपों में 31 दिसंबर, 2023 और अलास्का में 01 जनवरी, 2024

37. ओलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) इनका निर्माण सामान्यतः मानसून के मौसम में होता है

(b) वे घने कपासी वर्षा मेघ से संबद्ध हैं

(c) वर्षा जो अपेक्षाकृत ऊष्ण, ऊपरी परत में होती है, वह निचली, आधे जमे हुए परत पर छोटे बर्फ के टुकड़ों या ओलों के रूप में ठोस हो जाती है

(d) ओलों में बर्फ की कई संकेंद्री परतें होती हैं

38. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचीयों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (महासागर धारा) | सूची II (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. क्यूरोशिओ धारा | 1. अंटार्कटिक महासागर |
| B. अगुलहास धारा | 2. प्रशांत महासागर |
| C. पूर्वी पवनवाह | 3. अटलांटिक महासागर |
| D. ऐंटिलीज धारा | 4. हिंद महासागर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. Which one of the following statements with reference to the Nebular Hypothesis for the origin of Solar System is correct ?

(a) The initiation of the nebular hypothesis can be considered as a diffuse, roughly spherical, slowly rotating expanding nebula

(b) As a result of rotation and expansion, a disk is formed with matter concentrated in the centre

(c) Expansion continues with the formation of the proto-Sun and the rings of material are left behind

(d) The material in the rings get condensed and form the planets that revolve in orbits around the Sun

36. If it is 31st December, 2023 in New Zealand, at the same time what will be the date in the Hawaiian Islands and Alaska ?

(a) Both have 01 January, 2024

(b) Both have 30 December, 2023

(c) 31 December, 2023 in Alaska and 01 January, 2024 Hawaiian Islands

(d) 31 December, 2023 in Hawaiian Islands and 01 January, 2024 in Alaska

37. Which one of the following statement with reference to hailstones is NOT correct ?

(a) Their formation usually occurs during the monsoon season

(b) They are associated with dense cumulonimbus clouds

(c) Rain that forms in the warmer, upper layer solidifies into tiny ice pellets or hailstones in the lower, subfreezing layer

(d) Hailstones have multiple, concentric layers of ice

38. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Ocean Current)* | List II *(Location)* |
|---|---|
| A. Kuroshio Current | 1. Antarctic Ocean |
| B. Agulhas Current | 2. Pacific Ocean |
| C. East Wind Drift | 3. Atlantic Ocean |
| D. Antilles Current | 4. Indian Ocean |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. 'कृष्ण-बाघ (ब्लैक टाइगर)' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इन्हें मेलानिस्टिक टाइगर भी कहा जाता है
2. भारत में ये केवल ओडिशा के सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में पाए जाते हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

40. सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) तेलंगाना के कोठागुडेम में स्थित, यह निजी क्षेत्र में भारत की पहली और सबसे पुरानी कोयला खनन कंपनी है

(b) अब इसने तापीय और सौर ऊर्जा उत्पादन, खुली खदानों में विस्फोट के लिए विस्फोटक निर्माण और परामर्श कार्य जैसे विविध क्षेत्रों में विस्तार कर लिया है

(c) इसे 2011 से 'नवरत्न' का दर्जा दिया गया है

(d) यह विश्व में एकल सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है

41. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया/प्रक्रियाएं शैल चक्र का हिस्सा है/हैं ?

1. शिलीभवन
2. कायांतरण
3. पिंडन (जमना)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

42. पृथ्वी की सतह के तापमान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी सतह का तापमान नेट विकिरण द्वारा निर्धारित होता है
2. नेट विकिरण एक विकिरण ऊर्जा प्रवाह उत्पन्न करता है जो किसी सतह को गर्म या ठंडा कर सकता है
3. नेट विकिरण संतुलन सामान्यतः दिन के समय धनात्मक और रात के समय ऋणात्मक होता है
4. दिन के समय तापमान के बढ़ने से मृदा-पृष्ठ ऊर्जा खो देती है

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. With reference to 'Black Tigers', which of the following statements is/are correct ?

1. They are also referred to as Melanistic Tigers
2. In India they are found only in Similipal Tiger Reserve in Odisha

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

40. Which one among the following statements about the Singareni Collieries Company Limited is correct ?

(a) Located at Kothagudem in Telengana, this is the first and the oldest coal mining company in India in the private sector

(b) It has now diversified into thermal and solar power generation, explosive manufacturing for blasting in opencast mines and consultancy works

(c) It has been conferred with 'Navratna' status since 2011

(d) It is the single largest coal producing company in the world

41. Which of the following processes is/are part of the Rock Cycle ?

1. Lithification
2. Metamorphism
3. Solidification

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

42. Consider the following statements regarding the temperature of the Earth's surface :

1. The temperature of a surface is determined by net radiation
2. Net radiation produces a radiant energy flow that can heat or cool a surface
3. Net radiation balance is usually positive during the daytime and negative during night time
4. Soil surface loses energy as temperature increases during the daytime

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. काली मृदा को वर्षा-सिंचित फसलों को उगाने के लिए उपयुक्त समझा जाता है

2. काली मृदा दीर्घ अवधि के लिए नमी धारण कर सकती है, जिससे फसलों को शुष्क ऋतु में भी जीवित रहने में सहायता मिलती है

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) दोनों कथन सही हैं और कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है

(b) दोनों कथन सही हैं और कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या **नहीं** है

(c) कथन 1 सही है किंतु कथन 2 गलत है

(d) कथन 1 गलत है किंतु कथन 2 सही है

44. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अरब प्रायद्वीप का हिस्सा **नहीं** है ?

(a) कुवैत

(b) ओमान

(c) लीबिया

(d) यमन

45. 'ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी तट' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह हिंद महासागर के किनारे स्थित है

2. यहां इसके सर्दियों के माह दिसंबर और जनवरी में वर्षा होती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

46. जब $1 + (1 \times 2) + (1 \times 2 \times 3) + \ldots + (1 \times 2 \times 3 \times \ldots \times 500)$ को 8 से विभाजित किया जाता है, तो शेषफल क्या होगा ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

47. किसी अर्धवृत्त के क्षेत्रफल के छठवें भाग के बराबर क्षेत्रफल वाले त्रिज्यखंड द्वारा बनाया गया कोण (डिग्री में) क्या होगा ?

(a) $15°$

(b) $30°$

(c) $45°$

(d) $60°$

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. Consider the following statements :

1. Black soil is considered suitable for growing rain-fed crops
2. Black soil can retain moisture for a prolonged period, aiding crops to survive even in dry seasons

With regard to the statements given above which of the following is/are correct ?

(a) Both the statements are correct and statement 2 is the correct explanation of statement 1

(b) Both the statements are correct and statement 2 is NOT the correct explanation of statement 1

(c) Statement 1 is correct but statement 2 is false

(d) Statement 1 is false but statement 2 is correct

44. Which one among the following countries is NOT a part of the Arabian Peninsula ?

(a) Kuwait

(b) Oman

(c) Libya

(d) Yemen

45. With reference to 'South Coast of Australia' which of the following statements is/are correct ?

1. It is situated along the Indian Ocean
2. It experiences rain during its winter months of December and January

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

46. The remainder, when $1 + (1 \times 2) + (1 \times 2 \times 3) + \dots + (1 \times 2 \times 3 \times \dots \times 500)$ is divided by 8, is

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

47. The angle (in degrees) made by a sector having area one-sixth of the area of a semicircle is

(a) 15°

(b) 30°

(c) 45°

(d) 60°

Prepp
Your Personal Exams Guide

48. निम्नलिखित में से कौन-सा, संख्या 11, 12, 13, ..., 20 में से प्रत्येक संख्या के पहले पांच गुणजों का औसत है ?

(a) 40·5
(b) 42·5
(c) 44·5
(d) 46·5

49. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. चार संख्याओं 10, 15, 20 और 25 का औसत 17·5 है
2. यदि $a, b$ और $c$ तीन भिन्न धन पूर्णसंख्या इस प्रकार हैं कि $a+b+c=abc$, तब $a, b$ और $c$ का औसत 3 है

निचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

50. $X$ और $Y$ की वर्तमान आयु (वर्षों में) का अनुपात $Y$ और $Z$ की वर्तमान आयु (वर्षों में) के अनुपात के बराबर है । यदि $Y$ की वर्तमान आयु 15 वर्ष है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा $X$, $Y$ और $Z$ की आयु (वर्षों में) का योगफल हो सकता है ?

(a) 35
(b) 40
(c) 49
(d) 55

51. यदि $x+\frac{1}{x}=2$ तो $x^{32}+\frac{1}{x^{32}}$ का मान निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) –1
(b) 0
(c) 1
(d) 2

52. एक दुकानदार ने 30% की हानि पर कोई उत्पाद बेचा । यदि उसका बिक्रय मूल्य ₹150 अधिक होता, तो उसे 10% का लाभ होता । क्रय मूल्य क्या था ?

(a) ₹375
(b) ₹400
(c) ₹425
(d) ₹450

53. $A$, $B$ और $C$ किसी कार्य को क्रमश: 20, 25 और 30 दिन में पूरा कर सकते हैं । वे एकसाथ कार्य प्रारंभ करते हैं किंतु $B$ तीन दिनों तक कार्य करने के बाद कार्य को छोड़ देता है । यह कार्य आरंभ से कितने दिनों में पूरा हो जाएगा ?

(a) $9\frac{8}{15}$ दिन
(b) $10\frac{1}{15}$ दिन
(c) $10\frac{14}{25}$ दिन
(d) $11\frac{1}{10}$ दिन

Prepp
Your Personal Exams Guide

48. Which one of the following is the average of first five multiples of each of the numbers from 11, 12, 13, ..., 20 ?

(a) 40·5

(b) 42·5

(c) 44·5

(d) 46·5

49. Which of the following statements is/are correct ?

1. The average of four numbers 10, 15, 20 and 25 is 17·5

2. If $a$, $b$ and $c$ are three different natural numbers such that $a+b+c=abc$, then the average of $a$, $b$ and $c$ is 3

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

50. The ratio of present ages (in years) of $X$ to $Y$ is equal to the ratio of present ages (in years) of $Y$ to $Z$. If the present age of $Y$ is 15 years, then which of the following can be the sum of the ages (in years) of $X$, $Y$ and $Z$ ?

(a) 35

(b) 40

(c) 49

(d) 55

51. If $x+\frac{1}{x}=2$, then which one of the following is the value of $x^{32}+\frac{1}{x^{32}}$?

(a) −1

(b) 0

(c) 1

(d) 2

52. A shopkeeper sold a product at 30% loss. Had his selling price been ₹150 more, he would have made a profit of 10%. What was the cost price ?

(a) ₹375

(b) ₹400

(c) ₹425

(d) ₹450

53. $A$, $B$ and $C$ can finish a work in 20, 25 and 30 days, respectively. They start working together but $B$ quits after working for 3 days. In how many days from the start shall the work be completed ?

(a) $9\frac{8}{15}$ days

(b) $10\frac{1}{15}$ days

(c) $10\frac{14}{25}$ days

(d) $11\frac{1}{10}$ days

Prepp
Your Personal Exams Guide

54. दो नल $A$ और $B$ एक टंकी को क्रमश: 20 मिनट और 15 मिनट में भर सकते हैं। तीसरा नल $C$ पूरे भरे हुए टंकी को 6 मिनट में खाली कर सकता है। टंकी को भरने के लिए नल $A$ और $B$ को 5 मिनट चलाने के बाद, टंकी को खाली करने के लिए नल $C$ को खोल दिया जाता है, जबकि $A$ और $B$ इसे लगातार भरते रहते हैं। प्रारंभ करने के कितने मिनट बाद टंकी खाली हो जाएगी ?

(a) $10\frac{1}{3}$ मिनट

(b) $10\frac{2}{5}$ मिनट

(c) $10\frac{4}{5}$ मिनट

(d) $11\frac{2}{3}$ मिनट

55. $A$ और $B$ एक ही गंतव्य पर पहुंचने के लिए एक ही समय पर चलना आरंभ करते हैं। $B$, $A$ की स्पीड के $\frac{5}{7}$ स्पीड से चलता है और गंतव्य पर $A$ के पहुंचने के 1 घंटा 20 मिनट के बाद पहुंचता है। गंतव्य पर पहुंचने के लिए $B$ द्वारा कितना समय लिया गया ?

(a) 4 घंटा 40 मिनट

(b) 4 घंटा 55 मिनट

(c) 5 घंटा 5 मिनट

(d) 5 घंटा 15 मिनट

56. पेट्रोल की कीमतों में 12% की बढ़ोत्तरी हुई। कोई व्यक्ति पेट्रोल की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करे जिससे उसके द्वारा पेट्रोल पर किए जाने वाले व्यय में कोई परिवर्तन नहीं हो ?

(a) 8·6%

(b) 9·8%

(c) 10·7%

(d) 12%

57. यदि $19a + 19b + 19c = 437$, तो $a$, $b$ और $c$ का औसत (mean) क्या है ?

(a) 6·33

(b) 7·66

(c) 9·33

(d) 11·55

58. छह अंकों 1, 2, 3, 4, 5 और 6 में से; अंकों की पुनरावृत्ति के बिना दो अंकों की कितनी संख्याएं बनाई जा सकती हैं ?

(a) 6

(b) 15

(c) 30

(d) 40

59. एक रेलगाड़ी 60 *km/hr* की स्पीड से यात्रा करते हुए एक प्लेटफार्म को 20 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की दिशा में 6 *km/hr* की स्पीड से चल रहे व्यक्ति को वही ट्रेन 12 सेकंड में पार करती है। ट्रेन और प्लेटफार्म की लंबाई क्रमश: क्या है ?

(a) 160 *m* और 153·33 *m*

(b) 170 *m* और 166·66 *m*

(c) 180 *m* और 153·33 *m*

(d) 180 *m* और 170 *m*

Prepp
Your Personal Exams Guide

54. Two taps $A$ and $B$ can fill a tank with water in 20 minutes and 15 minutes, respectively. A third tap $C$ can empty the full tank in 6 minutes. After the taps $A$ and $B$ fill the tank for 5 minutes, the tap $C$ is opened to empty while $A$ and $B$ continue to fill it. In how many minutes after the start shall the tank get empty ?

(a) $10\frac{1}{3}$ minutes

(b) $10\frac{2}{5}$ minutes

(c) $10\frac{4}{5}$ minutes

(d) $11\frac{2}{3}$ minutes

55. $A$ and $B$ start at the same time to reach the same destination. $B$ travelled at $\frac{5}{7}$ of $A$'s speed and reached the destination 1 hour 20 minutes after $A$. What was the time taken by $B$ to reach the destination ?

(a) 4 hours 40 minutes

(b) 4 hours 55 minutes

(c) 5 hours 5 minutes

(d) 5 hours 15 minutes

56. There was a hike in petrol price by 12%. By how much percentage should a person decrease his petrol consumption such that there is no change in his expenditure on petrol ?

(a) 8·6%

(b) 9·8%

(c) 10·7%

(d) 12%

57. If $19a + 19b + 19c = 437$, then what is the mean of $a$, $b$ and $c$ ?

(a) 6·33

(b) 7·66

(c) 9·33

(d) 11·55

58. Out of the six digits 1, 2, 3, 4, 5 and 6; how many two digit numbers can be formed without repetition of digits ?

(a) 6

(b) 15

(c) 30

(d) 40

59. A train travelling at a speed of 60 *km/hr* crosses a platform in 20 seconds. The same train crosses a person who is walking at a speed of 6 *km/hr* in the same direction as that of the train in 12 seconds. What is the length of the train and that of the platform, respectively ?

(a) 160 *m* and 153·33 *m*

(b) 170 *m* and 166·66 *m*

(c) 180 *m* and 153·33 *m*

(d) 180 *m* and 170 *m*

60. एक भागीदारी फर्म में, $A$ कुल निवेश के $\frac{1}{6}$वें भाग को $\frac{1}{6}$वीं अवधि के लिए निवेश करता है, $B$ कुल निवेश के $\frac{1}{3}$वें भाग को $\frac{1}{3}$वीं अवधि के लिए निवेश करता है जबकि $C$ शेष भाग को पूर्ण समयावधि के लिए निवेश करता है। ₹46,00,000 के कुल लाभ में से, $C$ का हिस्सा कितना होगा ?

(a) ₹30,00,000

(b) ₹32,00,000

(c) ₹34,00,000

(d) ₹36,00,000

61. $A$ और $B$ की आयु (वर्षों में) का योग 22 है। दो वर्ष पहले उनकी आयु का गुणनफल 77 था। निम्नलिखित में से कौन-सा, उनकी वर्तमान आयु के अंतर का मान है ?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

62. एक दुकानदार दो वस्तुएं $A$ और $B$ बेचता है। वस्तु $B$ का क्रय मूल्य, वस्तु $A$ के क्रय मूल्य का दोगुना है। दुकानदार वस्तु $A$ को 10% के लाभ पर बेचता है और वस्तु $B$ को 20% लाभ पर बेचता है। निम्नलिखित में से शुद्ध (नेट) लाभ का मान क्या है ?

(a) 15%

(b) 13·33%

(c) 18%

(d) 16·66%

63. 100 छात्रों की एक कक्षा में से, 25 छात्र कम से कम क्रिकेट और फुटबाल खेलते हैं, 15 छात्र कम से कम क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं, 12 छात्र कम से कम फुटबाल और हॉकी खेलते हैं और 10 छात्र सभी तीनों खेल खेलते हैं। क्रिकेट, फुटबाल और हॉकी खेलने वाले छात्रों की संख्या क्रमशः 50, 37 और 22 है। उन छात्रों की संख्या कितनी है जो इन तीनों में से कोई भी खेल **नहीं** खेलते हैं ?

(a) 33

(b) 23

(c) 27

(d) 30

64. पांच व्यक्तियों के एक समूह को, जिसमें एक दंपति (युगल) भी शामिल है, एक बैठक के लिए गोलमेज पर बैठना है। ऐसे तरीकों की कुल संख्या कितनी है, जिनमें बैठने की व्यवस्था ऐसे की जा सके कि दंपति एक दूसरे के बगल में **नहीं** बैठे ?

(a) 24

(b) 18

(c) 12

(d) 6

65. एक अनभिनत सिक्के को तीन बार उछाला जाता है और उसके परिणाम नोट किए जाते हैं। ठीक दो चित (हेड) प्राप्त होने की प्रायिकता क्या है ?

(a) $\frac{2}{3}$

(b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{5}{8}$

(d) $\frac{3}{8}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

60. In a partnership firm, $A$ invests $\frac{1}{6}$th of the total investment for $\frac{1}{6}$th of the tenure. $B$ invests $\frac{1}{3}$rd of the total investment for $\frac{1}{3}$rd of the tenure while $C$ invests the remaining part for the full duration. Out of total profit of ₹46,00,000, what shall be $C$'s share ?

(a) ₹30,00,000

(b) ₹32,00,000

(c) ₹34,00,000

(d) ₹36,00,000

61. The sum of the ages of $A$ and $B$ (in years) is 22. The product of their ages two years back was 77. Which one of the following is the value of the difference of their current ages ?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

62. A shopkeeper sells two items, $A$ and $B$. Item $B$'s cost price is twice as that of item $A$. The shopkeeper sells item $A$ at 10% profit and item $B$ at 20% profit. Which one of the following is the value of net profit ?

(a) 15%

(b) 13·33%

(c) 18%

(d) 16·66%

63. Out of a class of 100 students, 25 play at least cricket and football, 15 play at least cricket and hockey, 12 play at least football and hockey and 10 play all the three sports. The number of students playing cricket, football and hockey are 50, 37 and 22, respectively. The number of students who do NOT play any of the three sports is

(a) 33

(b) 23

(c) 27

(d) 30

64. A group of five people consisting of a couple are to be seated on a round table for a meeting. What is the total number of ways in which the seating arrangement can be made so that the couple do NOT sit next to each other ?

(a) 24

(b) 18

(c) 12

(d) 6

65. A fair coin is tossed three times and the outcomes are noted. What is the probability of getting exactly two heads ?

(a) $\frac{2}{3}$

(b) $\frac{1}{2}$

(c) $\frac{5}{8}$

(d) $\frac{3}{8}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

66. चौथी से सातवीं शताब्दी ईसवी के दौरान भारत में पोशाक और पगड़ी (शिरोवस्त्र)/केश-विन्यास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी पूर्ववर्ती युग की तुलना में सिले हुए वस्त्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाती थी
2. बिना किसी पुष्प अलंकरण के सरल चोटियां महिलाओं के केश-विन्यास की प्रमुखता थी

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

67. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. तीसरा गोलमेज सम्मेलन नवंबर 1932 में लंदन में कांग्रेस की भागीदारी के बिना हुआ
2. तीसरे गोलमेज सम्मेलन में हुई चर्चा के परिणामस्वरूप भारत सरकार अधिनियम, 1935 पारित हुआ
3. भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने प्रांतीय स्वायत्तता के विचार का पक्ष नहीं लिया
4. 1935 के अधिनियम में गवर्नर को किसी प्रांत का प्रशासन संभालने और चलाने की कोई शक्ति नहीं दी गई

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 3 और 4

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 3

68. निम्नलिखित ग्रंथों और उनके विषयों के युग्म पर विचार कीजिए :

1. *तिलकमंजरी* : गणित
2. *निघंटु* : चिकित्सा शास्त्र
3. *जानकीहरण* : तर्कशास्त्र

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/कौन-से सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

69. जूनागढ़ शिलालेख से हमें पता चलता है कि, शक संवत् के 72वें वर्ष में, रुद्रदमन के शासन के दौरान भीषण तूफ़ान आया था। उस भीषण तूफ़ान के आने का समय CE में क्या होगा ?

(a) 150 CE

(b) 181 CE

(c) 130 CE

(d) 120 CE

Prepp
Your Personal Exams Guide

66. Consider the following statements about the costumes and headgear/hairstyle in India during 4th – 7th century AD :

1. There was a marked preference for stitched garment as compared to any previous age
2. Simple plaits without any floral embellishment dominated the hairstyle of women

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

67. Which of the following statements are correct ?

1. The Third Round Table Conference met in London in November 1932 without the participation of Congress
2. The discussions in the Third Round Table Conference led to the passing of the Government of India Act, 1935
3. The Government of India Act, 1935 did not favor the idea of provincial autonomy
4. The Governor was not given any power in the Act of 1935 to take over and run the administration of a province

Select the answer using the code given below :

(a) 3 and 4

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 1 and 3

68. Consider the following pairs of texts and their subjects :

1. *Tilakmanjari* : Mathematics
2. *Nighantu* : Medicine
3. *Janakiharan* : Logic

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

69. The Junagarh inscription goes on to tell us that during the reign of Rudradaman, in the year 72 of the Saka era, there occurred a terrible storm. What would be the time in CE of the occurrence of that terrible storm ?

(a) 150 CE

(b) 181 CE

(c) 130 CE

(d) 120 CE

Prepp
Your Personal Exams Guide

70. विजयनगर का भ्रमण करने वाले यात्री अब्दुर रज़्ज़ाक ने विजयनगर में अनेक पुष्प व्यापारियों की उपस्थिति का उल्लेख किया था और एक विशेष पुष्प का उल्लेख किया था जो वहाँ के लोगों को भोजन जितना आवश्यक प्रतीत होता था। अब्दुर रज़्ज़ाक द्वारा किस प्रजाति के पुष्प का उल्लेख किया गया ?

(a) चमेली

(b) कमल

(c) गुड़हल

(d) गुलाब

71. कौटिल्य के *अर्थशास्त्र* में, विजेता राजा से अपेक्षित था कि वह जीते गए राज्य-क्षेत्र में विशेष सामाजिक व्यवस्था स्थापित करे। यह विशेष सामाजिक व्यवस्था किस पर आधारित थी ?

(a) केवल *वर्ण* व्यवस्था पर

